**प्रेस नोट जनपद फतेहपुर**
**दिनांक 21.06.2025**

**पुलिस मुठभेड़**

**थाना किशनपुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15.06.2025 को दस वर्षीय किशोर के अपहरण व कुकर्म की घटना में संलिप्त/ वांछित अभियुक्त इंटेलीजेंस विंग व थाना किशनपुर की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 01अदद तमंचा, 01 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**

**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 15.06.2025 को थाना किशनपुर क्षेत्रांतर्गत दस वर्षीय किशोर के अपहरण व कुकर्म की घटित घटना के सम्बंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 142/2025 धारा 137(2)/352/351(3) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित नामजद/वांछित अभियुक्त समीर पुत्र स्माइल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सरौली थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर की गिरफ्तारी के प्रयास के अनुक्रम में इंटेलीजेंस विंग व थाना किशनपुर की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 20.06.2025 को मुखबिर सूचना के क्रम में थाना क्षेत्र के जिहरवा गांव अंतर्गत पुलिया पर घेराबंदी कर अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया कि अभियुक्त द्वारा खुद को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर लक्ष्य कर फायरिंग करने लगा कि पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी फायरिंग में अभियुक्त समीर के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे से 01-अदद देशी तमंचा, 01 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 740 रुपये नगद बरामद हुआ। घायल अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी हरदो खागा जनपद फतेहपुर ले जाया गया। नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**वर्तमान में की गयी कृत कार्यवाही का विवरणः-** उपरोक्त प्रकरण के सम्बंध में थाना किशनपुर पर मु0अ0स0 146/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगेगा।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पताः-**
1.समीर पुत्र स्माइल निवासी सरौली थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 20 वर्ष (घायल)

**बरामदगी का विवरणः-**
1. 01 अदद देशी 315 बोर तमंचा
2. 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**
1. मु0अ0सं0 142/2025 धारा 137(2)/352/351(3) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट
2. मु0अ0स0 146/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**
**A-इंटेलीजेंस विंग—**
1. निरीक्षक श्री अरूण कुमार चतुर्वेदी प्रभारी इंटेलीजेंस विंग।
2. का0 जय प्रकाश
3. का0 राम सिंह
4. का0 विकास कुमार

**B- थाना किशनपुर –**
1. थानाध्यक्ष दिवाकर सिंह थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर।
2. उ0नि0 आदर्श सिंह, 3. उ0नि0 जितेन्द्र दूबे , 4. का0 विवेक यादव , 5. का0 मिथिलेश पाल